# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

## जिला-शहडोल ४८४००१ (म०प्र०)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2022/ 1675                                                    शहडोल, दिनांक: 07/09/2022

प्रति,

**मुख्य वन संरक्षक,**
**वन वृत्त शहडोल**

विषयः– शहडोल जिले के अन्तर्गत परिक्षेत्र खन्नौधी में सरना से विशनपुरवा मार्ग का प्रस्तावित रकवा वनभूमि 3.340 हे0 एवं राजस्व वनभूमि रकवा 1.428 कुल 4.768 हे0 की मांग कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0) प्रकरण क्रमांक–**PF/MP/ROAD/ 37998/2019**

संदर्भः– कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल का पत्र क्रमांक/2655 दिनांक 12.06.2018, 3153 दिनांक 07.07.2018 एवं 1838 दिनांक 10.05.2022 एवं ऑनलाईन प्राप्त दिनांक 07.09.2022

☆☆☆

विषयांकित संदर्भित पत्र क्रमांक–01 से प्राप्त प्रस्ताव कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0) परिक्षेत्र खन्नौधी के अन्तर्गत सरना से विशनपुरवा मार्ग में प्रस्तावित वनभूमि 3.340 हे0 एवं राजस्व वनभूमि रकवा 1.428 हे0 कुल रकवा 4.768 हे0 मार्ग निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 प्राप्त प्रस्ताव का विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर एवं मौका स्थल का संयुक्त निरीक्षण उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

<u>विवरण निम्नानुसार है :–</u>

| क्र0 | वनमण्डल का नाम | परिक्षेत्र का नाम | कक्ष क्रमांक | लम्बाई | चौड़ाई | रकवा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिण शहडोल | खन्नौधी | पी. 536 | 2175 | 8.00 | 1.740 |
| 2 | —"— | —"— | पी. 534 | 730 | 8.00 | 0.584 |
| 3 | —"— | —"— | आर. 533 | 1270 | 8.00 | 1.016 |
| | योगः– | | | **4175** | **8.00** | **3.340** |



Scanned with OKEN Scanner

**राजस्व विभाग के अधीन राजस्व वनभूमि**

| क्र0 | वनमण्डल का नाम | तहसील का नाम | गाँव का नाम | खसरा नं0 | रकवा(हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिण शहडोल | गोहपारू | सरना | 223 | 0.261 |
| 2 | —"— | —"— | विशनपुरवा | 102/1 | 0.289 |
| 3 | —"— | —"— | —"— | 100 | 0.161 |
| 4 | —"— | —"— | —"— | 44 | 0.025 |
| 5 | —"— | —"— | —"— | 40 | 0.077 |
| 6 | —"— | —"— | —"— | 520 | 0.209 |
| 7 | —"— | —"— | —"— | 513 | 0.161 |
| 8 | —"— | —"— | —"— | 254 | 0.093 |
| 9 | —"— | —"— | —"— | 257 | 0.153 |
| | | | योगः— | | **1.428** |

1. आवेदित व्यपवर्तित वनभूमि 3.340 हे0 एवं राजस्व वनभूमि 1.428 हे0 कुल 4.768 हे0 प्रस्तावित है।
2. आवेदित वनक्षेत्र में वनस्पती प्राणी जाति के दुर्लभ/संकटापन/विशिष्ट प्रजाति नही पाई जाती है।
3. प्रस्तावित मार्ग में राष्ट्रीय उद्यान तथा वनप्राणी अभ्यारण तथा हाथी कारीडोर क्षेत्र होकर नही गुजरती और न ही इसका भाग है।
4. आवेदक संस्थान द्वारा समस्त शर्तो का मान्य करने बावत् वचन—पत्र दिया गया है।
5. प्रस्तावित क्षेत्र की मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक/2164 दिनांक 21.04.2017 से स्वीकृति प्रदान की गई है प्रति प्रस्ताव में संलग्न है।
6. प्रस्तावित क्षेत्र का 1:50000 एवं 1:15000 के मानचित्र में दर्शाया गया है। संलग्न है।
7. प्रस्तावित क्षेत्र की जी.ओ. रिफरेन्स मैप संलग्न है।
8. वनाधिकार अधिनियम—2006 के तहत वन अधिकार कार्यवाही पूर्ण किये जाने के संबंधी प्रमाण—पत्र कलेक्टर शहडोल जिला शहडोल की प्रस्ताव में फोटो कांपी संलग्न है।
9. दक्षिण वनमण्डल शहडोल के अन्तर्गत परिक्षेत्र खन्नौधी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, कक्ष क्रमांक आर.एफ. 533, पी.एफ. 536 स्थल गुणवत्ता III, IVa है जिसका घनत्व 0.5 या उससे अधिक है। पी.एफ. 534, संरक्षण कार्य वृत्त (PWC) में सम्मिलत है स्थल गुणवत्ता IVb है जिसका घनत्व 0.4 से अधिक है।
10. आवेदित क्षेत्र 3.340 हे0 चौड़ाई 8.00 मीटर में सतकठा प्रजाति के कुल 14 नग वृक्ष काटा जाना प्रस्तावित है। प्रभावित वृक्षों की गणना पत्रक ईल्ड सहित प्रस्ताव में संलग्न है।
11. प्रस्तावित तीनों मार्गो में प्रभावित वनभूमि रकवा 9.377 हे0 बदले कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा कलेक्टर जिला शहडोल के आदेश क्रमांक/निल दिनांक 23.02.2022 से क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु गैर वनभूमि वन परिक्षेत्र केशवाही के अन्तर्गत खम्हारिया के खसरा क्रमांक 986 एवं 987/1 रकवा 18.748 हे0 उपलब्ध कराई गई है। जिसके अंश भाग के समतुल्य गैर वनभूमि रकवा



Scanned with OKEN Scanner

9.377 हे0 की क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना वन परिक्षेत्र केशवाही में तैयार की गई है, मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के द्वारा आदेश क्रमांक/422 दिनांक 07.09.2022 से तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है योजना की प्रति प्रस्ताव में संलग्न है।

12. तहसीलदार गोहपारू जिला–शहडोल के पत्र क्रमांक/456 दिनांक 26.10.2018 से परियोजना में 1.428 हे0 राजस्व वनभूमि प्रभावित होने का प्रमाण–पत्र दिया गया है जिसकी छायाप्रति प्रस्ताव में संलग्न है।

13. पंजीयन शुल्क एवं प्रासेसिंग शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | वनमण्डल का नाम | पंजीयन शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कुल राशि | चालान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | नम्बर | दिनांक |
| 1 | दक्षिण वनमण्डल शहडोल | 1000 | 5000 | 6000 | 14 | 07.07.2018 |

14. वनमण्डल दक्षिण शहडोल के अन्तर्गत आवेदक संस्थान की किसी अन्य परियोजना के लिये सी.ए./एन.पी.व्ही. की राशि वसूल हेतु बकाया नही है।

आवेदित वनक्षेत्र 3.340 हे0 वनभूमि एवं 1.428 हे0 राजस्व भूमि कुल 4.768 हे0 व्यपवर्तन हेतु अनुशंसा सहित प्रस्ताव संलग्न कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(डॉ. ए.ए. अंसारी)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण वनमण्डल शहडोल

पृ0क्रमांक/मा.चि./2022/ शहडोल, दिनांक : ..................

**प्रतिलिपिः-**

1. कलेक्टर जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) शहडोल संभाग शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण वनमण्डल शहडोल



Scanned with OKEN Scanner